दिनांक 15.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया गया था कि निगम क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था के प्रति सजग रहें एवं अपने–अपने वार्डों में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे तीनो पालियों में सफाई व्यवस्था का समय–समय पर मेरे द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जावेगा। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित हो ऐसे स्थानों को चिन्हित कर लेवें एवं टैंकरों के माध्यम से दी जाने वाली पेयजल व्यवस्था हेतु अभी से ही कार्य योजना तैयार कर लेवें। सौंपे गये दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कार्य का निर्वहन करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा समय–समय पर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का लगातार सभी जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब, निर्माणाधीन पानी टंकी एवं चल रहे विकास कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्वयं आयुक्त महोदय, द्वारा वार्ड के नागरिकों से भेंट कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जायजा ले रहें हैं।

निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में जोन 01,02,03,04,05 व 06 के विभिन्न वार्डों में साफ–सफाई का कार्य किया जा रहा है सफाई कार्य तीनों पालियों में दिन, दोपहर, व रात्रि में भी किया जा रहा है। सफाई कार्य के अंतर्गत आकाश गंगा सुपेला पत्रकार लाईन आकाश गंगा सब्जी मण्डी शीतला तालाब, शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्पलेक्स, स्टेशन मरोदा रोड, नेवई, रुआंबाधा संतोषीपारा, सहित अन्य स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के द्वारा तीनों पालियों में सफाई कार्य किया जा रहा है एवं एकत्रित कचरे को ट्रक के माध्यम से निर्धारित स्थल पर पहुंचाया जा रहा है।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अपने सफाई अमला के साथ आज विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर आम नागरिकों से भेंट करते हुए उनसे अपील की गई कि घर से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को निर्धारित अलग–अलग डस्टबीन में ही रखकर सफाई मित्रों (रिक्शा) को देवें । आम नागरिकों से सफाई बनाये रखने का आग्रह किया गया साथ ही सभी स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्र पर निरंतर भ्रमण करें और प्रतिदिन की गई सफाई व्यवस्था के संबंध में निगम आयुक्त एवं मुझे प्रतिदिन अवगत करावें।

जनसम्पर्क अधिकारी

बचत BAZAAR